प्रेस नोट दिनांक-06.05.2025

थाना सकलडीहा जनपद चंदौली

➡ थाना सकलडीहा पुलिस टीम व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही में 01 पिकप वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब को बिहार परिवहन कर रहे 02 शराब तस्करों को किया गया गिरफ्तार

➡ कब्जे से कुल 728 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद (अनुमानित कीमत 06 लाख रुपए)

चंदौली- पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे द्वारा अवैध शराब की तस्करी व तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनन्त चन्द्रशेखर व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा रघुराज के कुशल पर्वेक्षण प्रभारी निरीक्षक सकलडीहा हरिनारायण पटेल व प्रभारी निरीक्षक आबकारी दीपक ओझा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक-06.04.2025 को सकलडीहा पुलिस टीम को सूचना मिली कि पीकप वाहन में शराब तस्कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब आवाजापुर शहीदगांव की तरफ से डेढावल होते हुए बिहार राज्य की ओर जाने वाले है, उक्त सूचना पर तत्परता दिखाते हुए स्थानीय पुलिस व आबकारी टीम द्वारा चौकी डेढावल से कमालपुर जाने वाले रोड पर बहद ग्राम डेढावल के पास से दो अभियुक्तगण को एक वाहन पीकप योद्धा रजि0न0 BR01GL2389 जिस पर 72 पेटी ROYAL STAG BARREL SELECT (FOR SALE IN HARIYANA ONLY) (कुल 864 बोतल में कुल 648 लीटर शराब) व बीयर TUBORG STRONG (कुल 160 केन में 80 लीटर) (कुल 728 लीटर अवैध शराब) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-48/2025 धारा 60/63 उ0प्र0 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि यह शराब हम लोग फरीदाबाद हरियाणा से दुकानों से खरीदकर शराब को बिहार राज्य में ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इससे जो लाभ मिलता है, वह आपस में बांट लेते हैं। जिससे हम लोग अपना जीवन-यापन करते हैं।

पंजीकृत अभियोग–

1.मु0अ0सं0-48/2025 धारा 60/63 उ0प्र0 आबकारी अधिनियम कोतवाली सकलडीहा जनपद चन्दौली ।

बरामदगी का विवरण-

1.72 पेटी ROYAL STAG BARREL SELECT (FOR SALE IN HARIYANA ONLY) (कुल 864 बोतल में कुल 648 लीटर शराब)

2.160 केन बीयर TUBORG STRONG (500 ML प्रति केन कुल 80 लीटर) (कुल 160 केन में 80 लीटर)

(कुल मात्रा 728 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब) (कुल कीमत लगभग छः लाख रुपये)

3.एक वाहन पीकप योद्धा रजि0न0 BR01GL2389

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–

1.संजीत कुमार प्रसाद पुत्र शत्रुधन प्रसाद ग्राम मिल्की दिघवारा थाना दिघवारा जिला छपरा राज्य बिहार उम्र करीब 38 वर्ष

2.पप्पू कुमार पुत्र स्व0 सभाराय निवासी सैदपुर दिघवारा थाना दिघवारा जिला छपरा राज्य बिहार उम्र करीब 27 वर्ष

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक हरिनारायण पटेल थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली
2.उ0नि0 जनक सिंह थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली
3.हे0का0 मुकेश कुमार थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली
4.हे0का0 अवधेश कुमार थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली
5.का0 अभिषेक सिंह थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली
6.का0 रोहित कुमार गौड़ थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली

आबकारी टीम-

1.प्रभारी दीपक ओझा (आबकारी निरीक्षक)
2.का0 शैलेष कुमार
3.का0 इमरान मसूद